# Junior Engineer Civil Mechanical and Electrical Examination 2023 Paper I

| | |
|---|---|
| Exam Date | 09/10/2023 |
| Exam Time | 5:00 PM - 7:00 PM |
| Subject | Junior Engineer 2023 Electrical Paper I |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** दो कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्णय लीजिए कि कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से पालन करते है?

कथन:

सभी कुत्ते, बिल्लियाँ हैं।
कुछ गाय बिल्लियाँ हैं, किंतु कुत्ते नही हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ कुत्ते, गाय हैं।
II. कुछ बिल्लियाँ, कुत्ते और गाय दोनों हैं।

**Ans**
1. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है
2. केवल निष्कर्ष I पालन करता है
3. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं
4. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

**Q.2** सात मित्रों, मिशा, मिंशु, मोही, प्रिया, वीर, परी और कृषि में से प्रत्येक की लंबाई भिन्न-भिन्न है। कृषि केवल तीन व्यक्तियों से लंबी है। परी केवल वीर से लंबी है। मिशा, मिंशु से लंबी है, किंतु मोही से लंबी नही है। प्रिया, मोही से लंबी है।

उनमें से सबसे लंबा/लंबी कौन है?

**Ans**
1. मिंशु
2. कृषि
3. मोही
4. प्रिया

**Q.3** उस विकल्प का चयन करें जो चौथी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार से पहली संख्या दूसरी संख्या से संबंधित है और पांचवीं संख्या छठी संख्या से संबंधित है।

10 : 7 :: ? : 12 :: 32 : 18

**Ans**
1. 18
2. 15
3. 22
4. 20

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में, "PETS" को "48" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, और "FARM" को "70" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में "DAIRY" को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans**
1. 47
2. 78
3. 74
4. 22

**Q.5** उस विकल्प का चयन कीजिए जो चौथे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार पहला पद दूसरे पद से संबंधित है और पांचवां पद छठे पद से संबंधित है?

54 : 3 :: ? : 9 :: 432 : 6

**Ans**
1. 477
2. 729
3. 1458
4. 1089

Q.6 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

$\frac{1}{289}, \frac{1}{17}, ?, 17$

Ans
1. $1$
2. $\frac{1}{34}$
3. $\frac{1}{85}$
4. $\frac{1}{119}$

---

Q.7 तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको इन कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से दिए गए कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:
कुछ पहाड़ नदियां हैं।
अधिकांश नदियां घाटियां हैं।
सभी घाटियां पहाड़ियां हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ पहाड़ घाटियां हैं।
(II) कुछ पहाड़ियां पहाड़ हैं।
(III) कुछ नदियां पहाड़ियां हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष I पालन करता है
2. केवल निष्कर्ष III पालन करता है
3. या तो निष्कर्ष I या II और निष्कर्ष III पालन करता है
4. सभी निष्कर्ष I, II और III पालन करते हैं

---

Q.8 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो दिए गए शब्दों के उस सही क्रम में व्यवस्थापन को दर्शाता है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में मौजूद होते हैं।
1. Object
2. Obey
3. Obligation
4. Obedience
5. Obligatory

Ans
1. 4, 2, 1, 3, 5
2. 4, 2, 1, 5, 3
3. 2, 4, 1, 3, 5
4. 4, 2, 3, 1, 5

---

Q.9 उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरी संख्या पहली संख्या से संबंधित है और छठी संख्या पांचवी संख्या से संबंधित है।
17 : 374 :: 14 : ? :: 13 : 234

Ans
1. 296
2. 299
3. 269
4. 266

---

Q.10 उस शब्द-युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए शब्द-युग्म में व्यक्त किए गए संबंध के समान संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है। (शब्दों को सार्थक शब्द माना जाना चाहिए, और इनका परस्पर संबंध शब्द में अक्षरों की संख्या/ व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर नहीं होना चाहिए।)

मस्टैंग (Mustang) : घोड़ा (Horse)

Ans
1. बर्मीज (Burmese) : बिल्ली (Cat)
2. बारहसिंहा (Stag) : हिरण (Deer)
3. पैंथेरा लियो (Panthera Leo) : शेर (Lion)
4. टर्की (Turkey) : फाउल (Fowl)

**Q.11** कौन-सा अक्षर-समूह दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को पूर्ण करेगा?

**TTIR, PHMJ, LVQB, ?, DXYL**

**Ans**

1. HKUT
2. GJUT
3. HJUT
4. GKUT

---

**Q.12** A & B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'।
A # B का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
A @ B का अर्थ है 'A, B का पुत्र है'।
A % B का अर्थ है 'A, B का पति है'।
A+B का अर्थ है 'A, B की माता है'।

यदि A & B # C & D @ E % F + G, तो C का G से क्या संबंध है?

**Ans**

1. भाभी
2. बहन
3. दादी
4. माता

---

**Q.13** उस शब्द युग्म का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए दोनों शब्द एक दूसरे से उसी तरह से संबंधित हैं, जिस तरह दिए गए युग्म के दोनों शब्द एक दूसरे से संबंधित हैं।
(शब्दों पर सार्थक शब्द के रूप में विचार किया जाना चाहिए, और वे शब्द, शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए।)
भूकंप विज्ञान (Seismology) : भूकंप (Earthquake)

**Ans**

1. वर्गीकरण विज्ञान (Taxonomy) : कराधान (Taxation)
2. फिजियोलॉजी (Physiology) : भौतिकी (Physics)
3. रुधिरविज्ञान (Haematology) : हाइड्रोजन (Hydrogen)
4. उभयसृपविज्ञान (Herpetology) : उभयचर (Amphibians)

---

**Q.14** उस शब्द-युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए शब्द-युग्म में व्यक्त किए गए संबंध के समान संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है।
(शब्दों को सार्थक शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए)
भारत : नई दिल्ली

**Ans**

1. रूस : मास्को
2. उत्तर प्रदेश : लखनऊ
3. सिक्किम : गंगटोक
4. पश्चिम बंगाल : कोलकाता

---

Q.15 उस विकल्प का चयन करें जिसमें दी गई आकृति अंतर्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



Ans

1.


2.


3.


4.


Q.16 एक व्यक्ति अपने घर से प्रस्थान करता है, और उत्तर की ओर 10 m चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, और 15 m चलता है। अब वह दाएं मुड़ता है, और 7 m चलता है, और रुक जाता है। जहां वह खड़ा है, वहां से ठीक 15 m पूर्व में एक खंभा स्थापित है। उसका घर उस खंभे से कितनी दूर और किस दिशा में है? (यह मानते हुए कि सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं।)

Ans

1. 15 m, दक्षिण
2. 27 m, उत्तर
3. 17 m, दक्षिण
4. 7 m, उत्तर

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

20, 30, 42, 56, ?, 90

Ans

1. 78
2. 72
3. 36
4. 58

Q.18 दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



Ans
1. 24
2. 30
3. 26
4. 28

---

Q.19 कौन-सा अक्षर-समूह दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को पूर्ण करेगा?

MKXB, OOAC, QSDD, ?

Ans
1. SWGE
2. SWHF
3. SWGF
4. SWHE

---

Q.20 उस सही विकल्प का चयन करें, जो निम्नलिखित शब्दों के तार्किक और सार्थक क्रम में व्यवस्थापन को इंगित करता है।

1. शेल्फ
2. लकड़ी
3. तख़्ता
4. वृक्ष
5. कपबोर्ड

Ans
1. 2 4 5 1 3
2. 4 2 3 1 5
3. 4 2 1 5 3
4. 2 4 3 5 1

---

Q.21 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो दी गई आकृति में सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।



Ans
1. 
2. 
3. 
4. 

**Q.22** एक निश्चित कूट भाषा में, "LIGHTS" को "93" लिखा जाता है, और "BATTER" को "102" लिखा जाता है। उसी भाषा में "BRING" को किस प्रकार लिखा जाएगा?

**Ans**
1. 95
2. 90
3. 85
4. 63

---

**Q.23** A, B की पत्नी है। F, B का पोता है। D, F का पिता है। C, A की पुत्री है। F का C से क्या संबंध है?

**Ans**
1. भाई
2. मौसी
3. भतीजा
4. माता

---

**Q.24** एक निश्चित कूट भाषा में, "DILQ" को "FKNS" लिखा जाता है, और "SBGK" को "UDIM" लिखा जाता है। इसी कूट भाषा में "FORA" को किस प्रकार लिखा जाएगा?

**Ans**
1. HQTC
2. GPSD
3. GRTD
4. HRSC

---

**Q.25** दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं, जहां प्रत्येक पंक्ति में 5 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि अगल-बगल बैठे व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में – A, B, C, D और E बैठे हैं, और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में – P, Q, R, S और T बैठे हैं, और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति का मुख, दूसरी पंक्ति में बैठे किसी व्यक्ति की ओर है।
B, A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P का मुख, A के ठीक बगल में बैठे व्यक्ति की ओर है। Q, P के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C का मुख, S की ओर है। D, T की ओर मुख करके बैठे व्यक्ति के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन किसी भी पंक्ति के किसी भी सिरे पर नहीं बैठा है?

**Ans**
1. C
2. R
3. Q
4. E

---

**Q.26** उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या / व्यंजनों / स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए।)

उकसाना (Persuade) : हतोत्साहित करना (Discourage) : : पारंगत (Profound) : ?

**Ans**
1. ईमानदार (Sincere)
2. गहन (Intense)
3. चतुर (Clever)
4. अल्पज्ञ (Superficial)

---

Q.27 विकल्पों में से उस आकृति का चयन करें, जो प्रश्न चिह्न (?) का स्थान लेकर दिए गए पैटर्न को पूरा कर सकती है।




Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

---

Q.28 उस विकल्प का चयन कीजिए जो उन अक्षरों को निरूपित करता है, जिन्हें जब निम्न रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से बाएं से दाएं रखा जाएगा, तो वे अक्षर श्रृंखला को पूरा कर देंगे।

**R__KU_IN_URI_K_RI__U**

Ans

1. INRKNUUK
2. INRKNUNK
3. INKRNUNK
4. INRKUNNK

---

Q.29 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ एक-दूसरे से संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रिया की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - संक्रिया जैसे कि जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि को 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़कर और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है)

(33, 6, 54)

(22, 7, 30)

Ans

1. (26, 8, 36)
2. (18, 3, 42)
3. (14, 4, 26)
4. (24, 2, 66)

---

Q.30 उस विकल्प का चयन कीजिए जो उन अक्षरों को निरूपित करता है, जिन्हें जब निम्न रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से बाएं से दाएं रखा जाएगा, तो वे अक्षर श्रृंखला को पूरा कर देंगे।

**A__JL_DG_LAD_J_AD__L**

Ans

1. DGALGLGJ
2. DGALGJGJ
3. DAGJGLGL
4. DGAJGLGJ

**Q.31** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

---

**Q.32** दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सके।
**1, 6, 28, 71, 139, 236, ?**

**Ans**

1. 366
2. 363
3. 335
4. 333

---

**Q.33** एक निश्चित कूट भाषा में, **"BRANCH"** को **DUCQEK** और **"CARBON"** को **EDTEQQ** के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में **"DRIVEN"** को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans**

1. GUKZGR
2. GUKYGQ
3. FUJYHQ
4. FUKYGQ

---

**Q.34** उस सही विकल्प का चयन कीजिए, जो दिए गए शब्दों के उस सही क्रम में व्यवस्थापन को दर्शाता है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में मौजूद होते हैं।
**1. Whisker**
**2. Whistle**
**3. Wistful**
**4. Wither**
**5. Whisper**
**6. Wishful**

**Ans**

1. 1, 5, 2, 6, 3, 4
2. 1, 5, 2, 3, 6, 4
3. 5, 1, 2, 3, 4, 6
4. 5, 1, 2, 6, 3, 4

---

**Q.35** उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है और छठवां पद पांचवें पद से संबंधित है।
**3 : 20 :: 7 : ? :: 11 : 68**

**Ans**

1. 37
2. 44
3. 39
4. 41

---

**Q.36** डेज़ी अपने घर से चलना प्रारंभ करती है, और 20 m पश्चिम की ओर जाती है। वहां से वह दाएं मुड़ती है, और एक निश्चित दूरी P m तक चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, और 30 m चलती है। वह फिर से दाएं मुड़ती है, और 40 m चलती है। उसके बाद, वह अंतिम बार दाएं मुड़ती है, और 10 m चलती है। यदि डेज़ी की वर्तमान स्थिति उसके घर से 5 m दक्षिण में है, तो P का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 45
2. 15
3. 35
4. 40

**Q.37** गणितीय चिह्नों के उचित संयोजन को चुनिए, जो बक्सों को क्रमिक रूप से प्रतिस्थापित कर सके और दिए गए समीकरण को संतुलित कर सके।

30 ☐ 13 ☐ 21 ☐ 3 ☐ 2 ☐ 4 ☐ 2

**Ans**

1. +,–, ÷, ×, =, +
2. –, +, ÷, ×, =, +
3. –,–, ÷, =, ×, +
4. –, +, ×, =, ÷, +

---

**Q.38** यदि '+' का अर्थ '–', '–' का अर्थ '×', '×' का अर्थ '÷', '÷' का अर्थ '+' हो, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
**41 ÷ 18 – 7 + 322 × 23 = ?**

**Ans**

1. 144
2. 153
3. 169
4. 167

---

**Q.39** यदि A का अर्थ '+' है, B का अर्थ '×' है, C का अर्थ '–' है, और D का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
**89 C 8 A ( 18 B 2 ) D 4 = ?**

**Ans**

1. 81
2. 146
3. 89
4. 90

---

**Q.40** निम्नलिखित शब्दों को तार्किक और अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित कीजिए।
**1.** चतुर्भुज
**2.** सप्तभुज
**3.** पंचभुज
**4.** षटदशभुज
**5.** द्वादशभुज

**Ans**

1. 4, 2, 3, 5, 1
2. 4, 5, 2, 3, 1
3. 1, 3, 5, 2, 4
4. 1, 5, 3, 2, 4

---

**Q.41** उस विकल्प का चयन कीजिए, जो दी गई आकृति में सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।



**Ans**

1. 
2. 
3. 
4. 

---

**Q.42** दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?
**11 – 8 + 78 ÷ 6 × 37 = 64**

**Ans**

1. × और +
2. – और ×
3. ÷ और ×
4. ÷ और –

---

**Q.43** छह मित्र एक वृत्ताकार स्थिति में बैठे हुए हैं। वे सभी केंद्र की ओर अभिमुख हैं। समीर, किरण के ठीक बगल में है। गगन, प्राण और व्योम के ठीक बगल में है। सुमन, गगन के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। किरण, व्योम के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है।

सुमन के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा/बैठी है?

**Ans**

1. प्राण
2. व्योम
3. किरण
4. समीर

---

**Q.44** दर्पण को चित्र में दिखाए अनुसार MN पर रखे जाने पर दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिम्ब का चयन करें।




**Ans**

1. 
2. 
3. 
4. KLIOTHGJRURUT

---

**Q.45** उस विकल्प का चयन करें, जो उन अक्षरों को निरूपित करता है, जिन्हें नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से बाएं से दाएं रखे जाने पर दी गई अक्षर शृंखला पूरी हो जाएगी।

L_MB__GM_OL_MBO

**Ans**

1. GLOBG
2. MGBLB
3. BGLOM
4. GOLBG

---

**Q.46** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



**Ans**

1. 
2. 
3. 
4. 

**Q.47** एक ही पासे की दो स्थिति नीचे दी गई हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा फलक अंक 3 वाले फलक के विपरीत है?



**Ans**
1. 5
2. 1
3. 4
4. 2

**Q.48** उस शब्द युग्म का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए दोनों शब्द एक दूसरे से उसी तरह से संबंधित हैं, जिस तरह दिए गए युग्म के दोनों शब्द एक दूसरे से संबंधित हैं।
(शब्दों को सार्थक शब्द माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए।)
बाधा डालना (Hamper) : धीमा करना (Retard)

**Ans**
1. पाखण्ड (Hypocrisy) : निष्कपटता (Frankness)
2. फीका (Insipid) : नीरस (Tedious)
3. प्रसन्नचित्त (Jovial) : गंभीर (Solemn)
4. पंगु करना (Hamstrung) : प्रोत्साहित करना (Encourage)

**Q.49** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



**Ans**
1. 
2. 
3. 
4. 

**Q.50** एक निश्चित तरीके से 'OU22' का संबंध 'LF11' से है। ठीक उसी प्रकार, 'TN12' का संबंध 'GM6' से है। उसी तर्क का उपयोग करते हुए बताइए, कि निम्नलिखित में से किसका संबंध 'AP22' से है?

**Ans**
1. YK44
2. ZK88
3. ZL44
4. ZK44

## Section : General Awareness

**Q.1** एनएफएचएस-4 (2015-16) पर आधारित नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के अनुसार किस राज्य की 51.91 प्रतिशत आबादी बहुआयामी रूप से गरीब है?

**Ans**
1. बिहार
2. उत्तर प्रदेश
3. मेघालय
4. अरुणाचल प्रदेश

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, एक वर्ष की अवधि के दौरान किसी देश के सामान्य निवासियों द्वारा उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के निवल मुद्रा मूल्य को संदर्भित करता है?

**Ans**
1. बाज़ार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
2. उपादान लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
3. उपादान लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद
4. बाज़ार मूल्य पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद

---

**Q.3** सुबर्णरेखा और खरकई नदियों के संगम के पास कौन-सा लोहा और इस्पात संयंत्र स्थापित किया गया था?

**Ans**
1. टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड
2. बोकारो स्टील प्लांट
3. भिलाई इस्पात संयंत्र
4. इंडियन आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड

---

**Q.4** मनोज सिन्हा, जो जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के दूसरे उप-राज्यपाल हैं, __________ के निवासी हैं।

**Ans**
1. मध्य प्रदेश
2. झारखंड
3. उड़ीसा
4. उत्तर प्रदेश

---

**Q.5** 2008-09 के दौरान, भारत सरकार के किस मंत्रालय द्वारा प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) शुरू किया गया था?

**Ans**
1. गृह मंत्रालय
2. सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम मंत्रालय
3. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
4. कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

---

**Q.6** 'मौलिक अधिकारों' का विचार निम्नलिखित में से किस देश के संविधान से लिया गया था?

**Ans**
1. स्विट्ज़रलैंड का संविधान
2. अमेरिका के संविधान
3. आयरलैंड का संविधान
4. फ्रांस का संविधान

---

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सी शब्दावली उन क्षेत्रों का वर्णन करती है, जहां पारिस्थितिक समुदाय, पारिस्थितिक तंत्र या जैविक क्षेत्र एक साथ मौजूद होते हैं?

**Ans**
1. पारिस्थितिक प्रवणता (Ecocline)
2. स्थायी तुषार भूमि (Permafrost)
3. संक्रमिका (Ecotones)
4. नितलक (Benthos)

---

**Q.8** परिपक्वता पर, ______ एक गैर-प्रवाहकीय कोशिका है, जो लिग्निन और उच्च सेल्यूलोज़ सामग्री (60%-80%) युक्त भारी मोटी दीवार वाली मृत कोशिकाओं से बनी होती है, और यह पादपों में संरचनात्मक सहायता प्रदान करने का कार्य करती है।

**Ans**
1. मेरिस्टेमेटिक कोशिका
2. स्क्लेरेन्काइमा कोशिका
3. पैरेन्काइमा कोशिका
4. प्रजनन कोशिका

---

**Q.9** दूसरी पंचवर्षीय योजना में औद्योगीकरण के _____________ मॉडल के आधार पर राज्य-संचालित उद्यमों के सार्वजनिक क्षेत्र की अवधारणा पेश की गई।

**Ans**
1. जापानी
2. रूसी
3. जर्मन
4. फ्रेंच

---

**Q.10** बिशप (Bishop) का प्रयोग निम्नलिखित में से किस खेल में किया जाता है?

**Ans**
1. क्रिकेट
2. बैडमिंटन
3. बिलियर्ड्स
4. शतरंज

---

Q.11 R-X किस क्रियात्मक समूह का सामान्य सूत्र है, जिसमें समूह 17 के तत्वों द्वारा एक या अधिक हाइड्रोजन परमाणुओं को प्रतिस्थापित किया जाता है?

Ans
1. एमाइड (Amide)
2. एल्किल हैलाइड (Alkyl halides)
3. इमाइन्स (Imines)
4. नाइट्राइल (Nitrile)

Q.12 बंगाल विभाजन के लिए कौन जिम्मेदार था?

Ans
1. लॉर्ड कर्जन
2. लॉर्ड लिटन
3. लॉर्ड डफरिन
4. लॉर्ड वेलेस्ली

Q.13 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 44 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
1. नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता
2. श्रमिकों के लिए निर्वाह मजदूरी
3. समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता
4. कृषि का संगठन

Q.14 जब आप मूल प्राप्तकर्ता को पता चले बिना किसी अन्य को ईमेल की एक प्रति भेजना चाहते है तो किस फ़ील्ड का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans
1. From
2. To
3. CC
4. BCC

Q.15 19वीं सदी के किस जर्मन रसायनज्ञ ने 1865 में बेंजीन रिंग संरचना की कल्पना की थी?

Ans
1. रॉबर्ट बन्सन (Robert Bunsen)
2. फ्रेडरिक ऑगस्ट केकुले (Friedrich August Kekule)
3. एमिल फिशर (Emil Fischer)
4. मारगुएराइट पेरी (Marguerite Perey)

Q.16 ये ज्वालामुखी मुख्यतः बेसाल्ट, जोकि ज्वालामुखी प्रस्फोट से निकलने वाला अत्यंत तरल लावा होता है, से बने होते हैं। इसी कारण ये ज्वालामुखी सीधी ढाल वाले नहीं होते हैं।
निम्नलिखित में से कौन सा ज्वालामुखी ऊपर दिए गए प्रकार के ज्वालामुखी का उदाहरण है?

Ans
1. मायोन ज्वालामुखी
2. माउंट रेनियर ज्वालामुखी
3. माउंट शास्ता ज्वालामुखी
4. हवाई ज्वालामुखी

Q.17 यदि अंपायर को लगता है कि बल्लेबाज के पास किसी गेंद से रन बनाने का उचित मौका नहीं था, तो उस गेंद को __________ करार दिया जाएगा।

Ans
1. नो बॉल
2. बाय
3. लेग बाय
4. वाइड

Q.18 अल बरूनी (Al Biruni) ने प्रसिद्ध पुस्तक "किताब उल हिंद" __________ भाषा में लिखी थी।

Ans
1. मंगोलियन
2. संस्कृत
3. अरबी
4. फ़ारसी

Q.19 Heal in India is an initiative of the Indian Government aimed at promoting ____________ in the country.

Ans
1. medical tourism
2. spiritual healing
3. yoga
4. spiritual enlightenment

Q.20 भारत के जलवायु विभाजन की कोपेन की योजना के अनुसार, भारत की निम्नलिखित जलवायु को उनके संबंधित क्षेत्रों के साथ सुमेलित कीजिए।

| जलवायु | क्षेत्र |
|---|---|
| 1. लघु ग्रीष्मकाल युक्त शीत आर्द्र सर्दी | a. तमिलनाडु का कोरोमंडल तट |
| 2. उष्ण मरूस्थल | b. अरुणाचल प्रदेश |
| 3. शुष्क ग्रीष्मकाल वाला मानसून | c. अति पश्चिमी राजस्थान |

Ans
1. 1-b, 2-a, 3-c
2. 1-c, 2-b, 3-a
3. 1-a, 2-c, 3-b
4. 1-b, 2-c, 3-a

Q.21 Which of the following is an example of good netiquette when participating in online discussion or forums?

Ans
1. Posting irrelevant or off-topic comments
2. Using all caps
3. Reading the discussion thread before posting to avoid repeating previous points
4. Attacking other users

Q.22 निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में नर्तकों/नर्तकियों के चेहरों को पेंट किए हुए मुखौटों की तरह बनाया जाता है, और पोशाक में एक लंबी स्कर्ट, एक भारी जैकेट, कई मालाएं और हार तथा एक बड़ा/ऊंचा साफा (towering headdress) होता है?

Ans
1. कथकली
2. ओडिसी
3. कथक
4. मोहिनीअट्टम

Q.23 आहार में किस विटामिन की कमी से कोर्साकॉफ सिंड्रोम (Korsakoff syndrome) होता है, जो एक दीर्घकालिक स्मृति विकार है, और आपके मस्तिष्क को नुकसान पहुँचाता है?

Ans
1. फाइलोक्विनोन (Phylloquinone)
2. टोकोफेरॉल (Tocopherol)
3. नियासिन (Niacin)
4. थायमीन (Thiamine)

Q.24 उन जीवों की पहचान कीजिए, जो प्रथम स्तर के पोषी स्तर से संबंधित नहीं है?

Ans
1. प्राणि प्लवक
2. घास
3. वृक्ष
4. पादप प्लवक

Q.25 भारत के प्रधानमंत्री का वेतन और भत्ता ___________ द्वारा निर्धारित किया जाता है।

Ans
1. भारत के राष्ट्रपति
2. पी एम ओ
3. कैबिनेट सचिवालय
4. संसद

Q.26 निम्नलिखित में से कौन-सी रबी की एक फसल है?

Ans
1. तरबूज
2. गेहूँ
3. मक्का
4. मूंगफली

Q.27 भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, कुल जनसंख्या के कितने प्रतिशत सिख थे?

Ans
1. 1.7%
2. 0.7%
3. 2.3%
4. 0.4%

Q.28 किस कुल (family) के पौधों में एक अत्यधिक संकुचित पुष्पक्रम शाखा प्रणाली होती है, जिसे कैपिटुलम (capitulum) या पुष्प शीर्ष (flower head) कहा जाता है, जिसमें सभी पुष्प बिना शाखाओं वाले सहपत्रों (bracts) से घिरी एक धानी (receptacle) से जुड़े होते है?

Ans
1. ऐस्टेरेसी (Asteraceae)
2. सैपिन्डेसी (Sapindaceae)
3. रैननकुलैसी (Ranunculaceae)
4. एरिकेसी (Ericaceae)

---

Q.29 Which of the following diseases is caused by Rhino viruses?

Ans
1. Malaria
2. Common cold
3. Amoebiasis
4. Ascariasis

---

Q.30 किस अधिनियम ने लंबे समय तक नियंत्रण बोर्ड (Board of Control) को प्राप्त शक्तियों को समाप्त कर दिया था?

Ans
1. 1786 का अधिनियम
2. 1853 का अधिनियम
3. 1813 का अधिनियम
4. 1858 का अधिनियम

---

Q.31 निम्नलिखित में से कौन-सा कोई एलिसाइक्लिक यौगिक (Alicyclic compound) नही है?

Ans
1. साइक्लोहेक्सीन
2. साइक्लोहेक्सेन
3. साइक्लोप्रोपेन
4. आइसोब्यूटेन

---

Q.32 In which form have earth forming materials been distributed?

Ans
1. Layers
2. Parts
3. Regions
4. Clusters

---

Q.33 दक्षिण भारत की मंदिर वास्तुकला के संदर्भ में गोपुरम शब्द का क्या अर्थ है?

Ans
1. मंदिर के शिखर का ऊपरी किनारा
2. मंदिर के पास गाय रखने का स्थान
3. देवता को स्थापित करने के लिए मंदिर का मंच
4. मंदिर की सम्मुख दीवार में प्रवेश द्वार

---

Q.34 प्रसिद्ध वादक पंडित शिव कुमार शर्मा ने अपनी आत्मकथा के रूप में इनमें से किस पुस्तक को प्रकाशित किया?

Ans
1. माई लाइफ माई म्युजिक
2. योर्स इन म्युजिक
3. राग माला
4. जर्नी विद अ हंड्रेड स्ट्रिंग्स: माई लाइफ इन म्यूजिक

---

Q.35 कार्बन के उस अपररूप की पहचान कीजिए, जो चिकना तथा फिसलनयुक्त होता है।

Ans
1. लेड
2. फुलरीन
3. हीरा
4. ग्रेफाइट

---

Q.36 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, सबसे घनी आबादी वाला राज्य कौन-सा है?

Ans
1. हरियाणा
2. बिहार
3. केरल
4. उत्तर प्रदेश

---

Q.37 केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने आयकर (25वाँ संशोधन) नियम 2021 लागू किया है, जिसमें कहा गया है कि भविष्य निधि खाते में प्रति वित्तीय वर्ष _______ से अधिक के अंशदान के लिए अर्जित किसी भी ब्याज पर कर लगाया जाएगा।

Ans
1. 10 लाख
2. 7.5 लाख
3. 5 लाख
4. 2.5 लाख

Q.38 निम्नलिखित में से कौन सा लक्षद्वीप का पूर्व नाम नहीं है?

Ans
1. कवरत्ती द्वीप
2. अमिनिदिवी द्वीप
3. मिनिकॉय द्वीप
4. लक्कादीव द्वीप

Q.39 बैगा लोक नृत्य शिक्षक अर्जुन सिंह धुर्वे ने 2021-22 में पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त किया। बैगा मुख्य रूप से किस राज्य से संबंधित है?

Ans
1. छत्तीसगढ
2. महाराष्ट्र
3. गुजरात
4. मध्य प्रदेश

Q.40 बैसाखी के महीने में असम में तड़ित झंझावात (thunderstorms) को क्या कहा जाता है?

Ans
1. घोरीसिला
2. नॉरवेस्टर
3. काल बैसाखी
4. बारदोइसिला

Q.41 किस गुप्त शासक के भितरी स्तंभ शिलालेख में पुष्यमित्रों के साथ उसकी लड़ाई का वर्णन है?

Ans
1. समुद्रगुप्त
2. चंद्रगुप्त द्वितीय
3. स्कन्दगुप्त
4. चंद्रगुप्त प्रथम

Q.42 फरवरी 2023 में, गुवाहाटी में _________ द्वारा यूथ20 (Y20) के पाँच विषयों (themes) पर श्वेत-पत्र जारी किया गया।

Ans
1. अनुराग ठाकुर
2. नितिन गडकरी
3. पीयूष गोयल
4. अमित शाह

Q.43 भारत के संविधान में 11वाँ मूल कर्तव्य _________________ संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ा गया था।

Ans
1. 86वें
2. 81वें
3. 88वें
4. 83वें

Q.44 किसने अपने थीसिस में पाणिनि कोड को सुलझाया है?

Ans
1. ऋषि राजपोपट
2. मनीष मणि तिवारी
3. प्रसन्न के. शर्मा
4. उदय सिंह कुमावत

Q.45 वित्त विधेयक 2023 के अनुसार, अपील के मामले में मूल्यांकन अधिकारी को सक्षम बनाने के लिए कर निर्धारण से पहले इनवेंट्री मूल्यांकन हेतु __________________ की आवश्यकता के लिए एक प्रावधान जोड़ा गया है।

Ans
1. सांविधिक लेखा परीक्षा
2. सचिवीय लेखापरीक्षा
3. विधिक लेखा परीक्षा
4. लागत लेखापरीक्षा

**Q.46** जल का ठोस रूप आप कहाँ पा सकते हैं?

**Ans**
1. ध्रुवीय क्षेत्र में
2. रेगिस्तान में
3. महासागरों में
4. जंगल में

**Q.47** प्रसिद्ध संगीतकार उस्ताद अमजद अली खान का जन्म 1945 में _________ में हुआ था।

**Ans**
1. आगरा
2. झांसी
3. ग्वालियर
4. लखनऊ

**Q.48** नाबार्ड 1982 में अस्तित्व में आया। इसे कितनी प्रारंभिक पूंजी के साथ स्थापित किया गया था?

**Ans**
1. ₹50 करोड़
2. ₹100 करोड़
3. ₹150 करोड़
4. ₹200 करोड़

**Q.49** ई वी रामास्वामी नायकर ने __________ आंदोलन की स्थापना की।

**Ans**
1. सत्यशोधक समाज
2. प्रार्थना समाज
3. सेल्फ-रिस्पेक्ट
4. गदर

**Q.50** ग्राम न्यायालय अधिनियम वर्ष _______________ में पारित किया गया था।

**Ans**
1. 2006
2. 1992
3. 2008
4. 1996

## Section : General Engineering Electrical

**Q.1** JFET के अंतरण अभिलक्षण (transfer characteristic) ____ के बीच खींचे जाते हैं।

**Ans**
1. $I_{DSS}$ और $V_{DS}$
2. $I_B$ और $V_{DS}$
3. $I_{DSS}$ और $V_{GS}$
4. $I_B$ और $V_{GS}$

**Q.2** ब्लैक लिकर (black liquor) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही है?
A) यह लकड़ी की 50%से अधिक बायोमास ऊर्जा को बरकरार रखता है।
B) यह एक गैर विषाक्त पदार्थ है, जो लकड़ी को जलाकर कागज बनाने पर उत्पन्न होता है।
C) टॉल तेल (Tall oil), स्किमिंग द्वारा ब्लैक लिकर (black liquor) से अलग किया गया एक महत्वपूर्ण उप-उत्पाद है।

**Ans**
1. A और C
2. केवल C
3. B और C
4. A और B

**Q.3** प्रतिकर्षण प्रवर्तित प्रेरण चालित मोटरों (Repulsion start induction run motors) का उपयोग _________जैसे अनुप्रयोगों में किया जाता है।

**Ans**
1. पंखे
2. वैक्यूम क्लीनर
3. कंप्रेसर
4. हेयर ड्रायर

**Q.4** सीआरटी (CRT) में फॉस्फर-कोटेड स्क्रीन का क्या कार्य है?

**Ans**
1. यह हिस्सा इलेक्ट्रॉनों का एक किरणपुंज उत्पन्न करता है
2. यह हिस्सा प्रकाश उत्सर्जित करता है
3. यह हिस्सा इलेक्ट्रॉन किरण-पुंज की दिशा को संचालित करता है
4. यह हिस्सा इलेक्ट्रॉन किरण-पुंज की तीव्रता को नियंत्रित करता है

**Q.5** Which of the following is NOT an advantage of shell type transformers over core type transformers?

**Ans**

1. Reduced loss
2. High mechanical strength
3. Easy maintenance
4. Less copper requirement

---

**Q.6** यदि $B_{max}$ = अधिकतम अभिवाह घनत्व, f = चुंबकीय उत्क्रमण की आवृत्ति, t = प्रत्येक लैमिनेशन की मोटाई, और V = आर्मेचर कोर का आयतन है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भंवर धारा ($W_e$) हानि के लिए सही व्यंजक होगा?

**Ans**

1. $W_e = kB_{Max}^2 f t^2 V^2$ watts
2. $W_e = kB_{Max}^2 f^2 t V^2$ watts
3. $W_e = kB_{Max}^2 f^2 t^2 V$ watts
4. $W_e = kB_{Max}^2 f^2 t^2 V^2$ watts

---

**Q.7** यदि कोई पॉवर स्टेशन अपने उपभोक्ताओं को दो महीने की अवधि के लिए 1000 MWh विद्युत की आपूर्ति करता है, तो उस अवधि के दौरान औसत मांग _____________ होगी।

**Ans**

1. 1.39 MW
2. 1.39 kW
3. 0.694 MW
4. 0.694 kW

---

**Q.8** टर्मिनल a-b में तुल्य प्रतिरोध की गणना करें।




**Ans**

1. 7Ω
2. 20Ω
3. 28Ω
4. 14Ω

---

**Q.9** एक कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र, 30% की तापीय दक्षता के साथ 750 MW विद्युत उत्पादन करता है। कोयले का ऊष्मा मान (heating value) 30,000 kJ/kg है। आवश्यक विद्युत उत्पन्न करने के लिए वांछित कोयले की द्रव्यमान प्रवाह दर ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 8.33 kg/s
2. 0.0833 kg/s
3. 0.833 kg/s
4. 83.33 kg/s

---

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन सी प्रकाश गणना (lighting calculation) विधि आसान और त्वरित है?

**Ans**

1. ल्यूमेन विधि (Lumen method)
2. वाट प्रति वर्ग मीटर विधि (Watts per square metre method)
3. पॉइंट बाई पॉइंट विधि (Point by point method)
4. फ्लक्स विधि (Flux method)

---

**Q.11** Which phase of the project management lifecycle often takes the longest to wrap up?

**Ans**

1. Execution
2. Estimation
3. Conceptualisation
4. Planning

---

Q.12 Why is the hold-on coil connected in series with the shunt field in a three-point starter of a DC motor?

Ans
1. To disconnect the supply when the motor is in normal operation
2. To provide the lubricant for the motor
3. To prevent the motor from running away in case of an open-field circuit
4. To control the speed of the motor

---

Q.13 In an electrical signal waveform, if each value on the curve is proportional to sine of the angle of rotation of the coil, then such a wave is called _______.

Ans
1. triangular wave
2. square wave
3. ramp wave
4. sine wave

---

Q.14 The horizontal amplifier should be designed for ____________.

Ans
1. low amplitude signals with a fast rise time
2. high frequency signals with a fast rise time
